दिनांक : 14.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

आज सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि पूर्व सैनिकों का अटूट साहस प्रत्येक भारतीय को प्रेरित करता रहेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी उन पूर्व सैनिकों और सेवारत कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में साहस, सम्मान और सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

000

सेना दिवस के उपलक्ष्य में कल जयपुर में आर्मी परेड और शौर्य संध्या कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान भारतीय सेना की आधुनिक सैन्य और युद्धक क्षमता का व्यापक प्रदर्शन किया गया। स्वदेशी तकनीक से विकसित मिसाइल प्रणालियां, अत्याधुनिक टैंक, सैन्य वाहन, ड्रोन, एंटी एयर और एंटी टैंक हथियारों के माध्यम से सेना की सामरिक शक्ति को प्रदर्शित किया गया। ऑपरेशन सिंदूर की झांकी, ब्रह्मोस मिसाइल, हेलिकॉप्टर आधारित हथियार प्रणाली तथा रोबोटिक डॉग्स ने भविष्य की युद्ध रणनीतियों की झलक प्रस्तुत की।

000

देशभर में आज मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही पवित्र सरोवरों में श्रद्धालु स्नान कर दान–पुण्य कर रहे हैं। संकांति के पर्व को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मकर संक्रांति, उत्तरायण और माघ बिहू के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि मकर संक्रांति का यह पवित्र त्योहार सभी के जीवन को सुख, स्वास्थ्य और खुशहाली से भर देगा। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राजधानी जयपुर में जलमहल की पाल पर अन्तर्राष्ट्रीय पतंग उत्सव मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रंग–बिरंगे गुब्बारों को उड़ा कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर श्री शर्मा ने पतंग भी उडाई। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमें अपनी परम्परा और संस्कृति से जुड़ना चाहिए। उन्होंने सभी से पतंग उडाने का आह्वान किया।

000

बालोतरा जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और रात के समय यातायात को अधिक सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सभी प्रकार के छोटे–बड़े वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे है, ताकि अंधेरे में भी वाहन साफ दिखाई दे सकें। इधर, पाली में 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत परिवहन विभाग की ओर से निजी विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सड़क सुरक्षा तथा बचाव विषय पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

000

चूरू जिले के मोलीसर गांव में चार साल के एक नर पैंथर को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। यह पैंथर क्षेत्र में तीन दिनों से लोगो के भय का कारण बना हुआ था। जयपुर और चूरू की वन विभाग की टीम के संयुक्त प्रयासों से पैंथर को ट्रेंकूलाइज कर पकड़ा गया।

000

प्रदेश में तेज सर्दी का दौर जारी है। कहीं–कहीं शीतलहर और कहीं–कहीं हल्के से मध्यम कोहरा दर्ज किया गया। पिछले चौबीस घंटों में राज्य में 27 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गया। वहीं एक दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान लूणकरणसर में रिकॉर्ड किया गया। राज्य के 7 शहरों का रात का पारा 5 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। अलवर, फतेहपुर, दौसा, जैसलमेर, श्रीगंगानगर और नागौर में तेज सर्दी बनी हुई है। उदयपुर और चित्तौड़गढ़ में सुबह कोहरा भी रहा। सवाईमाधोपुर जिले में भी सर्द हवाओं से ठिठुरन बनी हुई है। सर्दी के चलते आम जीनजीवन पर असर देखने को मिल रहा है।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल अजमेर के पृथ्वीराज नगर के पास बारह करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले 35 हजार दर्शक क्षमता वाले मल्टीपर्पज खेल स्टेडियम का शिलान्यास किया। यह स्टेडियम छह माह में बनकर तैयार होगा।

000